# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर

क्रमांक / परीक्षा / 2026 / 2550 जबलपुर दिनांक 31 / 08 / 2026

## संशोधित अधिसूचना

अधिसूचित किया जाता है कि वि.वि. की अधिसूचना क्रमांक / परीक्षा / 2026 / 2540 दिनांक 20 / 08 / 2026 के तारतम्य में विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त जिलों के महाविद्यालयों में सत्र 2025–26 की वार्षिक पद्धति नई शिक्षा नीति के बी.ए. / बी.काम. / बी. एससी. / बी.बी.ए. / बी.सी.ए. / बी.एच.एससी. / बी.बी.ए. होटल मेनेजमेन्ट तृतीय वर्ष महाविद्यालयों एवं शिक्षण विभाग में नियमित प्रवेशित छात्र / छात्राओं के मार्च–अप्रैल, 2026 के मुख्य परीक्षा में सम्मिलित विद्यार्थियों को घोषित परीक्षा परिणाम में पूरक की पात्रता रखते हों ऐसे विद्यार्थियों के पूरक परीक्षा अगस्त–2026 के परीक्षा आवेदन पत्र एम.पी. आनलाईन के माध्यम से भराये जाने की तिथि निम्नानुसार घोषित की जाती है, यथा :–

तिथि एवं शुल्क का विवरण :–

| | |
|---|---|
| आन लाईन आवेदन पत्र जमा करने की तिथि | 24.08.2026 से 05.09.2026 तक |
| विलंब शुल्क 100 / – के साथ | 07.09.2026 तक |
| विलंब शुल्क 750 / – के साथ | 09.09.2026 तक |

परीक्षा प्रारंभ होने के सात दिवस पहले से एवं परीक्षा तिथि से एक दिवस पूर्व तक विशेष विलंब शुल्क 2000 / – देय होगी ।

परीक्षा शुल्क का विवरण –

| | | पूरक छात्र |
|---|---|---|
| 01. | बी.ए. / बी.काम. / तृतीय वर्ष | 1685 / – |
| 02. | बी.एससी. / बी.एच.एससी तृतीय वर्ष | 1795 / – |
| 03. | बी.बी.ए. / बी.बी.ए. होटल एच.एम. / बी.सी.ए. तृतीय वर्ष | 2485 / – |

**नोट – एक से अधिक विषय में पूरक होने पर सम्पूर्ण शुल्क देय होगी ।**

1. महाविद्यालय अपने यहां प्रत्येक प्रवेशित छात्रों के परीक्षा संचालन शुल्क 300 / –रूपये एवं अग्रेषण शुल्क 50 / – रूपये कुल 350 / – रूपये महाविद्यालय स्तर पर जमा करवायेगा। तथा परीक्षा संचालन शुल्क 300 / – रूपये में से 200 / – रूपये निर्धारित परीक्षा केन्द्र में जमा करायेंगे तथा 100 / – रूपये आंतरिक मूल्यांन एवं प्रायोगिक परीक्षा में महाविद्यालय व्यय करेगा

2. विद्यार्थी को विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त नामांकन क्रमांक / अनुक्रमांक (Roll No.) के आधार पर एम.पी.आनलाईन के क्योस्क के माध्यम से उपर उल्लेखित निर्धारित शुल्क का भुगतान कर परीक्षा आवेदन पत्र जमा कर सकेंगे तथा online आवेदन की हार्ड कापी पूर्व परीक्षा की अंकसूची के साथ शिक्षण विभाग में जमा करें।
शिक्षण विभाग के विभागाध्यक्ष छात्र / छात्राओं की पात्रता निर्धारण करते हुए आनलाईन परीक्षा आवेदन पत्रों को अपने स्तर पर अनुमोदित (Approval) करेंगे तथा सूची के साथ हार्ड कापी एवं मूल प्रमाणपत्रों की छायाप्रति के साथ विश्वविद्यालय में दिनांक 09 / 09 / 2026 तक तक आवश्यक रूप से संबधित विभाग में जमा करेंगे। अंतिम तिथि के पश्चात् 100 / – विलंब शुल्क देय होगा ।

प्राचार्य / विद्यार्थियो के लिए आवश्यक निर्देश :–

विश्वविद्यालय से सबद्ध समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यो को सूचित है कि आपके महाविद्यालय / विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग में एवं अध्ययनरत् समस्त विद्यार्थियों को **ABC (Acadmic Bank of credit एवं Swayam Portal )** पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है ।

रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात् छात्र / छात्राओं को प्राप्त आई.डी. नम्बर को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर की वेबसाइट **rdvv.mponline.gov.in** की **ABC (Acadmic Bank of credit एवं Swayam Link)** पर अपडेट करना भी अनिवार्य है । उसके पश्चात् ही छात्र / छात्राए परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगें ।

आदेशानुसार,

परीक्षा नियंत्रक
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,जबलपुर
जबलपुर दिनांक 31 / 08 / 2026

पृ.क्र. / परीक्षा / 2026 / 2550 "अ"

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत :–

1. प्राचार्य समस्त सबंद्ध महाविद्यालय रा.दु.वि.वि. जबलपुर।
2. नोडल अधिकारी एम.पी.आनलाइन रा.दु.वि.वि.जबलपुर
3. माननीय कुलपतिजी / कुलसचिवजी के निजी सहायक रा.दु.वि.वि. जबलपुर।
4. प्रभारी कम्प्यूटर केन्द्र विश्वविद्यालय बेबसाईट पर अपलोड करे।
5. सुदृढ कक्ष / विश्वविद्यालय प्रेस / समस्त कार्यसहायक(परीक्षा) रा.दु.वि.वि. जबलपुर।

सहायक, कुलसचिव (परीक्षा)
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,जबलपुर